30

Register Number

Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 × 5 = 5

1) कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बाघ ।
जगत तपोवन सौ कियौ, दीरघ-दाघ-निदाघ ॥

2) निज कर क्रिया रहीम कहि, सिधि भावी के हाथ ।
पाँसे अपने हाथ में, दाँव न अपने हाथ ॥

II. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

3) सब मिलि तासों छाँड़िकै, दूजे और उपाय ।
उन्नति भाषा की करहु, अहो भ्रातगन आय ॥

4) हम नदी के पुत्र हैं । बैठे नदी के क्रोड में ।
वह बृहद् भूखंड से हमको मिलाती है ।
और वह भूखंड
अपना पितर है ।

5) प्रथम सभ्यता ज्ञाता, साम ध्वनित गुण गाथा,
जय नव मानवता निर्माता सत्य अहिंसा दाता !

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्य का सारांश लिखिए : 1 × 15 = 15

6) तोड़ती पत्थर

7) कलम आज उसकी जय बोल

8) पंचवटी प्रसंग ।

[Turn over

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers
StudentBounty.com

StudentBounty.com

IV. पद्य लेखन :

9) कबीर के कोई **तीन** दोहे लिखिए ।

अथवा

10) 'भारत गीत' की **प्रथम छः** पंक्तियाँ लिखिए ।

V. 11) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) दोहा

आ) चौपाई

इ) रोला ।

12) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) उपमा

आ) अनुप्रास

इ) यमक ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

13) हृदय की विशालता और उदारता का नाम शौर्य है ।

14) आनन्ददायक और प्रभावोत्पादक राग से मेरे हृदय पर जो प्रभाव हुआ, उसका वर्णन करना कठिन है ।

15) यह तो हम लोग आप लोगों पर एहसान करते हैं, नहीं तो सर्जनों को रुपया देते-देते आप लोगों का दिवाला निकल जाता ।

16) कदाचित् अनेक बार ठगे जाने के कारण ही ठगे जाने की बात मेरे चिढ़ जाने की दुर्बलता बन गई है ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4 × 3 = 12

17) कृषि जन्य प्रदूषण के कारण क्या हैं ?

18) नख-शिख वर्णन को समझाइए ।

19) भारत ने अंतरिक्ष में कौन-कौन से कृत्रिम उपग्रह स्थापित किये हैं ?

20) मोर का नाम नीलकंठ क्यों रखा गया ?

21) अशोक के युद्ध लिप्सा का पता कैसे चलता है ?

22) लेखक ने बनारसी एक्के पर क्यों लिखा ?

23) प्रेमचन्द कब विदेश गए और क्यों ?

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

VIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठ का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15

24) कृत्रिम उपग्रह

25) यह मेरी मातृभूमि है

26) नीलकंठ मोर ।

IX. 27) निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5 × 1 = 5

'क'		'ख'	
अ)	अशोक	i)	व्याकरण ग्रंथ
आ)	गहरेबाज एक्का	ii)	महेन्द्र
इ)	वलयापति	iii)	राधा
ई)	नीलकंठ	iv)	कैपिटलिस्ट
उ)	तोलकाप्पियम	v)	कंकण ।

X. 28) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4 × 2 = 8

अ) चौपट कर देना

आ) स्वीकार करना

इ) निरंतर

ई) अनिर्वचनीय

उ) प्रशंसा करना

ऊ) लार टपकना

ऋ) बाँसों उछलना

ए) निवेदन करना ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers